Roll No. .... Total Pages : 3

GSM/M-20 **1653**

हिन्दी (अनिवार्य)

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 40

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6×2=12

(क) दुनिया के व्यवहार इतना शुष्क, इतना निर्मम, इतना क्रर है? मैं उससे नफरत करता हूँ। क्या ये लोग नहीं समझते कि यह जो मर जाती है, वह भी किसी की लड़की होती है, किसी माता-पिता के लाड़ में पली होती है, फिर उसके मरते ही सगाइयाँ लेकर दौड़ते हैं। स्मृति-मात्र से मेरा खून उबलने लगता है।

(ख) तुम्ही ने तो कहा था कि जरा ठीक-ठाक करके नीचे आना। आजकल तो लड़की कितनी ही सुन्दर हो, बिना टीम टाम के भला कौन पूछता है, इसी मारे मैंने तो पौडर-बौडर उसके सामने रखा था। पर उसे तो इन चीजों से न जाने किस जन्म की नफरत है। मेरा कहना कि आँचल में मुँह लपेटकर लेट गई। भई, मैं बाज आई तुम्हारी इस लड़की से।

(ग) इसलिए कि हमारे समाज में यह ब्याह-शादी मनुष्य से, मनुष्य के रिश्ते नहीं होती, हमारे यहाँ शादियाँ होती हैं

नौकरी के रिश्ते से, पद और भौतिक ख्यालों से। ब्याह हमारे यहाँ महज एक कर्मकाण्ड है- एक परम्परा का पालन। यह जीवन-अनुभूति, जीवन-संगीत नहीं है।

(घ) देखिए न, वह नाटक यही अकस्मात् खत्म हो गया। नाटक का हीरो ही एकाएक चला गया। बेचारी हीरोइन का तो कुछ पता ही न चला। व तो दृश्य में ही न आई। क्या करूँ मैं? बस, इतना ही देखा था। मैंने वह खेल। पता ही चल गया होगा। अच्छा नमस्ते मेरा यह नाटक खत्म!

2. विष्णु प्रभाकर **अथवा** उपेन्द्रनाथ अश्क का साहित्यिक परिचय दीजिए। 6

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए: 8

(i) आकाशवाणी

(ii) जनसंख्या विस्फोट

(iii) गांधी दर्शन

(iv) महिलाधिकार

(v) शिक्षा और राजनीति।

4. कार्यालय जिलाधिकारी के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक को नकली सिक्कों के चलन पर रोक हेतु एक अर्द्धसरकारी पत्र लिखिए।

अथवा

रमेश, सचिव, भारत सरकार के द्वारा कार्यालय जिलाधिकारी हिसार को स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता लाने हेतु अर्द्धसरकारी पत्र लिखिए। 9

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **10** शब्दों के हिन्दी तकनीकी अर्थ लिखिए: 5

(i) Inertia

(ii) Melting point

(iii) Observation

(iv) Physiology

(v) Quantile

(vi) Resonance

(vii) Vibration

(viii) Microscope

(ix) Nutrition

(x) Osmosis

(xi) Parasite

(xii) Phenomenon

(xiii) Pollution

(xiv) Radiation

(xv) Relic

(xvi) Sublimation.